# प्रसार भारती
# आकाशवाणी शिमला
## 12.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन केन्द्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित है। नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आज 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के उदघाटन सत्र में उन्होंने कहा कि लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता निर्माण के लिए भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है और ये शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक पड़ाव है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने हिमालय संरक्षण को सरकारी प्रयासों तक सीमित न रखकर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि हिमालय संरक्षण के साथ ही राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती मिलेगी। धर्मशाला में आज एक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि हिमालय का संरक्षण केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं बल्कि मानव जीवन, क्षेत्रीय सुरक्षा और सम्पूर्ण समाज के भविष्य से जुड़ा विषय है। प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में युवाओं और आम नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि नशे के कारोबार के खिलाफ सरकार की निर्णायक जंग जारी है और नशा तस्करी से अर्जित अवैध सम्पत्तियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने आज शिमला में बताया कि सरकार की कार्रवाई केवल नशा तस्करों की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। सरकार का लक्ष्य नशे के पूरे नेटवर्क, उसकी आर्थिक व्यवस्था और इससे अर्जित अवैध सम्पत्ति को पूरी तरह ध्वस्त करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस दिशा में पूरी स्वतंत्रता दी गई है और सरकार उन्हें हर सम्भव सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है और इसे नशे की गिरफ्त में फंसाने के प्रयासों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

**विरोध**

शिमला में कमला नेहरू अस्पताल को आईजीएमसी शिफ्ट करने के मामले में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने 15 सितम्बर को सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। समिति के पदाधिकारियों ने शिमला में एक संयुक्त पत्रकार सम्मेलन में कहा कि रोबोटिक सर्जरी की आड़ में सरकार इस ऐतिहासिक अस्पताल को नष्ट करने पर तुली हुई है। समिति की सचिव फालमा चौहान ने बताया कि कमला नेहरू अस्पताल को बचाने के लिए प्रदेश भर में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला है।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना जिले के हरोली क्षेत्र को खेलों के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। हरोली में आज एक खेल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है और इंडोर स्टेडियम भी बनाए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली महाविद्यालय के दूसरे भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

**खेल**

कांगड़ा जिले में शाहपुर जोन की अंडर–नाईनटिन खेल प्रतियोगिता आज राजकीय विद्यालय दुर्गेला में शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में शाहपुर क्षेत्र के 22 स्कूलों के 3 सौ 50 से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर विधायक व उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आहवान किया।

**आरोप**

भाजपा ने कुल्लू में ब्यास नदी में ड्रेजिंग के नाम पर हो रहे कार्य की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि खनन संबंधी कार्य खनन विभाग के बजाए वन विभाग के माध्यम से करवाया गया जिससे सरकार को मिलने वाले राजस्व और रॉयल्टी का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में बेस वैल्यू प्राईस सरकार के पास जमा नहीं करवाया गया और न ही आवश्यक बैंक गारंटी जमा की गई है।

———————————